सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 197 | इंदौर, शनिवार 01 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ◆ वित्रमंत्री ने कहा- यह बजट विकास पर फोकस

वित्त मंत्री ने कहा, 'यह बजट सरकार की विकास को बढ़ाने, सभी के डेवलपमेंट, मिडिल क्लास की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित है। हमने इस सदी के 25 साल पूरा करने जा रहे हैं। हमारी विकसित भारत की उम्मीदों ने हमें प्रेरणा दी है।हमारी अर्थव्यवस्था सभी बड़ी इकोनमी में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।'

## ◆ निर्मला ने कहा- बजट 5 क्षेत्रों पर फोकस है

विकास में तेजी लाना।

सुरक्षित समावेशी विकास।

निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देना।

घरेलू खर्च में वृद्धि।

भारत के उभरते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाना।

## ◆ वित्त मंत्री ने कहा- राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन चलाएंगे

मछली पालन में भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। 60 हजार करोड़ का मार्केट है। अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा देगी।

कपास उत्पादकता मिशन के तहत उत्पादकता में पर्याप्त बढ़ोतरी होगी और कपास के लंबे रेशे वाली किस्मों को बढ़ावा दिया जाएगा। किसानों की आमदनी को बढ़त मिलेगी।

राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन चलाएंगे। अनुसंधान, उच्च पैदावार, बीजों की 100 से अधिक किस्मों को उपलब्ध कराएंगे।

## ◆ वित मंत्री ने कहा- सरकार तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान दे रही

वित्त मंत्री ने कहा मेक इन इंडिया, इम्प्लॉयमेंट और इनोवेशन, एनर्जी सप्लाई, स्पोर्ट्स का डेवलपमेंट, एमएसएमपी का विकास हमारी विकास यात्रा में शामिल हैं और इसका ईंधन रीफॉर्म्स हैं। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद की संभावना है। ग्रामीण संपन्नाता और अनुकूलन निर्माण राज्यों की भागीदारी से शुरू किया जाएगा। कौशल, निवेश से कृषि में रोजगार का सुधार होगा। इसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में विकल्प पैदा करना है। युवा किसानों, ग्रामीण महिलाओं, किसानों छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

पहले चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा। खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय तेल मिशन को चला रही है। 10 साल पहले हमने ठोस प्रयास किए थे और दलहन में आत्मनिर्भरता प्राप्त की थी। तब से आय में वृद्धि और बेहतर आर्थिक क्षमता की वृद्धि हुई है।

अब सरकार तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान दे रही है। इसका विवरण दिया गयाय है। केंद्रीय एजेंसियों में पंजीकरण और करार करने वाले किसानों से 4 साल के दौरान एजेंसियां उतनी दलहन खरीदेंगी जितनी लाएगी।

## बजट 2025 : किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट

# 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख

### बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आठवीं बार बजट पेश कर रही हैं। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने महाकुंभ भगदड़ पर चर्चा को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। जैसे ही वित्त मंत्री ने भाषण शुरू किया, विपक्ष ने नारेबाजी की और बजट का बहिष्कार किया। हालांकि कुछ देर बाद सदन में लौट आए। वित्त मंत्री ने कहा, हमारा फोकस 'GYAN' पर है। GYAN मतलब- गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति। 10 साल में हमने बहुमुखी विकास किया है।'

### बजट में अब तक बड़े ऐलान

1. अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस।
2. कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन, इससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत बनेगा।
3. किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख होगी।
4. बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा, इससे छोटे किसानों और व्यापारियों को फायदा।
5. छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड, पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे।
6. MSME के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़, 1.5 लाख करोड़ तक का कर्ज मिलेगा।
7. स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया जाएगा। गारंटी फीस में



भी कमी होगी।
8. खिलौना उद्योग के लिए मेक इन इंडिया के तहत विशेष योजना शुरू की जाएगी।
9. 23 IIT में 1.35 लाख स्टूडेंट्स मौजूद - IIT पटना का विस्तार होगा।
10. एक्सीलेंस सेंटर फॉर आर्टिफिशियल फॉर AI के लिए 500 करोड़ रुपए का ऐलान।
11. मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ाने का ऐलान।
12. 6 हजार 500 विद्यार्थियों की सीटें बढ़ाई जाएंगी। आईआईटी पटना में सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। 500 करोड़ के बजट में एआई के लिए एक संस्थान की स्थापना की जाएगी।
13. अगले 5 साल में 75 हजार सीटें जोड़ी जाएंगी। अगले साल मेडिकल कॉलेज में 10 हजार सीटें जोड़ी जाएंगी।
14. सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर की सुविधा देगी। 2025-26 में 200 केंद्र बनाए जाएंगे।
15. शहरी मजदूरों के हालात सुधारने के लिए स्ट्रीट वेंडर्स के लिए चल रही पीएम स्वनिधि स्कीम की लोन लिमिट बढ़कर 30 हजार रुपए होगी
16. स्कूल और उच्चतर शिक्षा के लिए भारतीय भाषा में पुस्तकें उपलब्ध कराएंगे। राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र पिछली योजनाओं पर काम करते हुए 5 राष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किए जाएंगे। आईआईटी में क्षमता का विस्तार किया जाएगा। 23 आईआईटी में शिक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है।
17. भारत के फुटवियर और लेदर क्षेत्र के लिए सहायता के अलावा बिना लेदर वाले फुटवियर के लिए योजना है। 22 लाख रोजगार और 4 लाख करोड़ का कारोबार और 1.1 लाख करोड़ से ज्यादा निर्यात की उम्मीद है।
18. खिलौना निर्माण के लिए मेक इन इंडिया के तहत योजना शुरू की जाएगी।
19. सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख की सीमा वाले विशेष अनुकूल क्रेडिट कार्ड शुरू करेंगे। पहले वर्ष में 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। स्टार्टअप के लिए एआईएप को 91 हजार करोड़ से ज्यादा सबमिशन मिले हैं। 10 हजार करोड़ का नया अंशदान करेंगे।
20. सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग 7.5 करोड़ लोगों को रोजगार दे रहा है। ये एमएसएमई उत्पादकों के साथ निर्माण में 45 फीसदी योगदान कर रहे हैं। उनके वर्गीकरण को दोगुना तक बढ़ाया जाएगा।

### क्रिएटिव इकोनॉमी के लिए बड़ा कदम

# मध्यप्रदेश में एवीजीसी-एक्सआर नीति-2025 लॉन्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश सरकार ने क्रिएटिव इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए एवीजीसी-एक्सआर नीति 2025 को लॉन्च किया है। इस नीति के माध्यम से राज्य ने एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (XR) के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। नीति का उद्देश्य 2,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना, 20,000 से अधिक नौकरियां सृजित करना और 2029 तक 150 से अधिक स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। इस नीति को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीएसईडीसी) ने तैयार




करने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एवीजीसी-एक्सआर नीति 2025 राज्य को क्रिएटिव और डिजिटल इकोनॉमी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

मध्य प्रदेश पहले से ही आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है और अब यह नीति इन क्षेत्रों को एकीकृत कर एनिमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग और एक्सआर तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए एक समग्र वातावरण तैयार करेगी। इस नीति के तहत, राज्य में एवीजीसी मीडिया पार्क का निर्माण पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत किया जाएगा, जिसमें उन्नत प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन स्टूडियो, प्लग-एंड-प्ले वर्क स्पेस और विशेष डेटा सेंटर की सुविधाएं दी जाएंगी।

इसके अलावा, सरकार उद्योगों को वित्तीय और परिचालन सहायता भी प्रदान करेगी, जिसमें पूंजीगत व्यय पर 25% सब्सिडी, किराया सहायता, रोजगार सृजन प्रोत्साहन और बौद्धिक संपदा संरक्षण के लिए सहायता शामिल है। शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए छात्रवृत्तियां और अपस्किलिंग की प्रतिपूर्ति भी की जाएगी। मध्य प्रदेश इस नीति के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सह-निर्माण और साझेदारियों को प्रोत्साहित करेगा, साथ ही महिला उद्यमिता को समर्थन देने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी।

# बीआरटीएस की मोटर व्हीकल लेन होगी चौड़ी, साइकिल ट्रेक

## सर्विस लेन हटाने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** **दस साल पहले बने बीआरटीएस को सरकार हटाने का फैसला ले चुकी है। बस लेन वाले हिस्से में ब्रिज बनाए जाएंगे, लेकिन उससे पहले मोटर व्हीकल लेन के हिस्से को चौड़ा किया जाएगा, ताकि निर्माण के समय ट्रैफिक बाधित न हो सके। एलआईजी से गीताभवन वाले हिस्से की चौड़ाई 30 मीटर से बढ़ाकर 60 मीटर की जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने सर्वे भी शुरू कर दिया है।**



इंदौर में दस साल पहले 300 करोड़ की लागत से जब बीआरटीएस बनाया गया था, तब उसमें पैदल यात्रियों से लेकर लेकर वाहन चलाने वालों को भी ध्यान रखा गया था। बीच के हिस्से में बस लेन थी और दोनों तरफ मोटर व्हीकल लेन। इसके बाद सर्विस रोड और फिर साइकिल ट्रेक व फुटपाथ भी बनाए गए थे। साइकल ट्रेक व फुटपाथों पर अक्सर वाहन पार्क हो जाते है, इसलिए अब उसे भी मोटर व्हीकल लेन में शामिल किया जाएगा।

**सर्वे कराया जा रहा है-** कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में बीआरटीएस की चौड़ाई को लेकर बात उठी थी। बीआरटीएस के दोनों तरफ जो नए निर्माण हुए है, उसे सैडबेक की जमीन छोड़कर बनाया गया है। वहां कुछ अस्थाई निर्माण है। जिसे हटाकर सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा सरकारी भूमियों का उपयोग भी इसके लिए किया जा सकता है। अभी नगर निगम द्वारा इसका सर्वे कराया जा रहा है।

### हो रहा है दो ब्रिजों का निर्माण

बीआरटीएस पर भंवरकुआ चौराहे पर ब्रिज बन चुका है। इसके अलावा निरंजनपुर चौराहा और सत्यसांई चौराहा पर ब्रिज का काम शुरू हो चुका है। भविष्य में बस लेन को हटाकर अन्य चौराहों पर भी ब्रिज बनना है। इस कारण सरकार बीआरटीएस इंदौर से खत्म करना चाहती है। मुख्यमंत्री मोहन यादव इसकी घोषणा भी कर चुके है।

# आठवीं कक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक के युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा मौका

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नंदा नगर में रोजगार मेला 03 फरवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में 03 फरवरी को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर इन्दौर में किया जा रहा है। रोजगार मेले का समय सोमवार सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार उपलब्ध कराना है। रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरा अवसर के साथ-साथ व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- प्लास्ट, आयनोक्स मल्टीफलेक्स, टाटा मोटर, मोजेक वर्क स्कील, पटेल मोटर्स, श्याम मेटल, लैण्डकार्म ग्रुप, डी.टी. इण्ड्रस्ट्रीज, जॅस्ट डॉयल आदि कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कम्पनियों द्वारा लगभग 500 से अधिक विभिन्न पदों जैसे सेल्स एक्जिकिटीव, टेलीकॉलर, पेकिंग, सैल्स, टीम लीडर, ड्राइवर, बैकऑफिस, हैल्पर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, ट्रैनी आदि पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। इस एक दिवसीय रोजगार मेले में आठवीं कक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक के किसी भी विषय में उत्तीर्ण, तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई के 18 से 40 वर्ष के आवेदक भी भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

### राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ समापन

# प्रदर्शनी में नर्मदापुरम संभाग रहा अव्वल



**इंदौर।** इंदौर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आज समापन हुआ। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर नर्मदापुरम, द्वितीय जबलपुर और तृतीय स्थान पर इंदौर संभाग रहा। समापन कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र के डॉ. आर के त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री विजय कुमार मण्डलोई, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के श्री विपिन वर्मा, प्रभारी प्राचार्य डाइट श्रीमती शोभा शुक्ला, कार्यक्रम के सभी समिति के नोडल अधिकारी, प्रतियोगिताओं के निर्णायक एवं डाइट इंदौर के सदस्य, समस्त बी.आर.सी.सी., बी.ए.सी आदि उपस्थित थे।

जिला परियोजना समन्वयक श्री मण्डलोई ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में मॉडल प्रतियोगिता माध्यमिक स्तर वर्ग में गणित में प्रीतम तिवारी रीवा संभाग प्रथम, तेजस कहर नर्मदापुरम द्वितीय और आरती नर्मदापुरम तृतीय रही। इसी प्रकार विज्ञान में उदय नागरे नर्मदापुरम प्रथम, सचिन रमेश लोधी नर्मदापुरम द्वितीय तथा प्रिया राजेश इंदौर तृतीय स्थान पर रही। पर्यावरण वर्ग में प्रगति सनोदिया जबलपुर प्रथम, हर्षिता गंगारे नर्मदापुरम द्वितीय तथा कुंती लोधी सागर तृतीय स्थान पर रही। इतिहास में शालिनी रावत भोपाल प्रथम, तरुण लड़िया सागर द्वितीय तथा शिफ़ा मंसूरी इंदौर तृतीय रही। भूगोल में अनुष्का संतोष पाल ग्वालियर प्रथम, सीमा जवाहर शहडोल द्वितीय और ऋतिका तिवारी रीवा तृतीय रही। राजनीतिक जीवन वर्ग में अंजली सोनू कुमरे नर्मदापुरम प्रथम, शताक्षी पांडेय भोपाल द्वितीय और सृष्टि गजेन्द्रसिंह राजपूत ग्वालियर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार उच्च माध्यमिक स्तर पर नीरज कोरे जबलपुर प्रथम, राकेश बड़ई सागर द्वितीय और मधु कुशवाह नर्मदापुरम तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान में समीर राजेश अहिरवार सागर प्रथम, हरिओम टेकचंद साहू जबलपुर द्वितीय तथा प्रियंका इंदौर तृतीय रही। पर्यावरण वर्ग में दिव्या विनोद उज्जैन प्रथम, माहेश्वरी देवी शहडोल द्वितीय और रौनक आशीष तिवारी ग्वालियर तृतीय स्थान पर रहे।

# अब इंदौर और उज्जैन में भी अपने प्लांट शुरू करेगी एमडीएच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** **देश की मशहूर मसाला कंपनी एमडीएच अब इंदौर और उज्जैन में भी अपने प्लांट शुरू करने जा रही है। यहां वेयरहाउस बनाया जा रहा है और प्रॉडक्शन मशीनें लगाई जा रही हैं। जल्द ही मध्य प्रदेश के लोगों को एमडीएच के मसाले स्थानीय स्तर पर मिल सकेंगे।**



कंपनी ने कुछ समय पहले इंदौर के लिए खास 'पोहा मसाला' लॉन्च किया था। इसके अलावा, दाल तड़का, मशरूम, दम आलू जैसे कई मसाले भी अब आसानी से उपलब्ध होंगे। इंदौर में चल रही 'ग्लोबल स्पाइस समिट' में एमडीएच का स्टॉल भी लगा है। इस इवेंट में देशभर से मसाला कारोबारी और कंपनियां शामिल हुई हैं। एमडीएच की शुरुआत महाशय धर्मपाल गुलाटी ने की थी, जो पहले सियालकोट (अब पाकिस्तान) में रहते थे। विभाजन के बाद उन्होंने भारत आकर इस मसाला ब्रांड को खड़ा किया, जो आज देशभर में मशहूर है। अब इंदौर और उज्जैन के लोग भी एमडीएच के ताजे और स्थानीय रूप से बने मसालों का स्वाद ले सकेंगे। दिल्ली के करोल बाग में महाशय धर्मपाल गुलाटी ने पहली मसाले की दुकान खोली थी। इसके बाद उन्होंने साबुन, कपड़ा, हार्डवेयर और चावल जैसे अन्य कारोबार भी किए, लेकिन मसालों के क्षेत्र में एमडीएच को एक बड़ा ब्रांड बना दिया। उनके योगदान के लिए 2019 में उन्हें भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2020 में उनका निधन हो गया, और अब उनके बेटे राजीव गुलाटी कंपनी के चेयरमैन हैं। एमडीएच की एक यूनिट शारजाह में भी स्थापित है। कंपनी के मध्य प्रदेश हेड दीपक दत्त के अनुसार, एमडीएच 40 से ज्यादा प्रकार के पीसे मसाले तैयार करती है। उपभोक्ताओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए नए-नए स्वादों पर काम किया जाता है। हाल ही में एमडीएच ने मध्य प्रदेश के लिए दाल मखनी, दाल तड़का, मशरूम और दम आलू जैसे खास मसाले लॉन्च किए हैं, जो यहां की खास डिशों के अनुरूप बनाए गए हैं।

# आईआईटी इंदौर में एग्रीहब का शुभारंभ

## कृषि में तकनीकी नवाचार का नया केंद्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आईआईटी इंदौर ने 27 जनवरी 2025 को एग्रीहब नामक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का उद्घाटन किया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल) और डीप लर्निंग (डीएल) जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर कृषि को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव श्री एस. कृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा, आईसीएआर-सीआईएई भोपाल के निदेशक डॉ. सी.आर. मेहता, सी-डैक महानिदेशक श्री मंगेश एथिराजन और आईसीएआर-आईआईएसआर इंदौर के निदेशक डॉ. कुँवर हरेंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

मुख्य अतिथि श्री एस. कृष्णन ने इस परियोजना की बहु-विषयक प्रकृति पर जोर देते हुए बताया कि आईआईटी इंदौर, आईसीएआर और सी-डैक जैसी प्रमुख संस्थाएँ मिलकर उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) और एआई के माध्यम से कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने नवाचार में स्टार्ट-अप्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पारंपरिक उद्योगों के साथ सहयोग से आधुनिक तकनीकों को अपनाने में तेजी आएगी, जिससे कृषि उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

मध्यप्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने इस परियोजना को तकनीक के माध्यम से कृषि संबंधी चुनौतियों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि जीआईएस और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीकों का किसानों के लाभ के लिए प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

# वकील ने बनाई एसडीएम की 'फर्जी कोर्ट'

## केस चलाकर कई लोगों से धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर कार्यालय में एक वकील द्वारा एसडीएम के नाम पर फर्जी आदेश तैयार कर धोखाधड़ी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में फरियादी ने आरोपी वकील गिरिराज गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। आरोप है कि वकील ने फरियादी से मोटी रकम वसूलकर एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर और सील का उपयोग कर भाड़ा नियंत्रक कोर्ट में फर्जी प्रकरण दर्ज करा दिया। जब फरियादी ने खुद एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जांच कराई, तो पूरे फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ। प्रशासन और पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। इसमें अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।**

जानकारी के अनुसार, वकील गिरिराज गुप्ता ने फरियादी गौरव शर्मा को झांसे में लेकर एक फर्जी आदेश तैयार किया, जिसमें एसडीएम घनश्याम धनगर के फर्जी हस्ताक्षर और सील लगी थी। इस आदेश को दिखाकर वकील ने गौरव से मोटी रकम वसूली। गौरव को जब इस आदेश पर संदेह हुआ, तो उन्होंने खुद एसडीएम कार्यालय में जाकर इस आदेश की जांच करवाई। जब उन्होंने भाड़ा नियंत्रक कोर्ट के रीडर से जानकारी मांगी, तो उन्हें बताया गया कि इस केस नंबर की कोई भी फाइल वहां दर्ज ही नहीं है। इस पर गौरव ने एसडीएम घनश्याम धनगर से मुलाकात की और फर्जी आदेश पत्र दिखाया। जांच के दौरान पुष्टि हुई कि यह आदेश पूरी तरह से नकली था और इसे कूट रचित तरीके से तैयार किया गया था। फरियादी की शिकायत के आधार पर हीरानगर थाने में आरोपी वकील गिरिराज गुप्ता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला सामने आने के बाद यह भी संदेह जताया जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े में कलेक्टर कार्यालय का कोई कर्मचारी भी शामिल हो सकता है। आरोपी वकील को सरकारी दस्तावेजों और सील की जानकारी कैसे मिली, यह जांच का विषय है। प्रशासन इस बात की भी जांच कर रहा है कि कहीं यह संगठित रूप से किया गया अपराध तो नहीं है। इस मामले पर एसडीएम घनश्याम धनगर ने कहा की मेरे नाम से कूट रचित आदेश तैयार कर एक व्यक्ति को गुमराह किया गया और उससे ठगी की गई। जब फरियादी ने जांच करवाई, तब इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई कर वकील के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है और पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# ग्राफिक्स डिज़ाइनर युवती से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पलासिया में एक युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पीड़िता 23 साल की ग्राफिक्स डिजाइनर है और आरोपी उसका 3 साल पुराना दोस्त है। युवती ने पुलिस को बताया कि उसने कुछ समय पहले दोस्ती तोड़ दी थी, लेकिन आरोपी उसे बार-बार परेशान कर रहा था।

युवती ने शिकायत में कहा कि जब वह होस्टल से ऑफिस के लिए निकलती, तो आरोपी उसका पीछा करता था। गुरुवार को जब वह ऑफिस जा रही थी, आरोपी ने रास्ते में आकर उसका हाथ पकड़ लिया और कहा कि वह क्यों बात नहीं करती।युवती ने चिल्लाया तो आरोपी ने कहा कि वह जहर खाकर मर जाएगा और उसका नाम लिखेगा। इस घटना के बाद युवती ने अपनी सहेली को बताने के बाद थाने जाकर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने आरोपी निर्मल गुर्जर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके अलावा, पलासिया में ही एक तलाकशुदा महिला के साथ भी छेड़छाड़ की घटना हुई है। महिला ने मुकेश सैनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि आरोपी उसका पड़ोसी है और उसे अकेला जानकर वह लगातार उसे परेशान करता था। आरोपी ने एक बार महिला का पीछा करते हुए उसे अश्लील हरकतों का शिकार बनाया और छत के रास्ते ऊपर जाकर भी गलत व्यवहार किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# फेब्रिकेशन कारीगर की मौत में पत्नी पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने फेब्रिकेशन का काम करने वाले एक कारीगर की मौत के मामले में उसकी पत्नी पर आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला ने युवक से दूसरी शादी की। फिर रुपयों को लेकर प्रताड़ित करने लगी। वह घर से रुपए लेकर चली गई। वापस आने के लिए 2 लाख रूपए की मांग करने लगी। पुलिस मामले में जांच कर रही है।**

बाणगंगा पुलिस ने योगेश(28) पुत्र संतोष पंवार निवासी भगतसिंह नगर लोहार गली की मौत के मामले में उसकी पत्नी सपना निवासी अलवदा खेडी मंदसौर को आरोपी बनाया है। योगेश ने 29 दिसंबर को जहर खा लिया था। पड़ोसी ने उसके चाचा सालकराम को मामले में जानकारी दी। योगेश को अस्पताल लेकर जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में बहन रितू और चाचा सालकराम व पड़ोसी के बयान हुए तब पुलिस को पता चला कि योगेश और सपना एक दूसरे को 5 सालों से ज्यादा समय से जानते थे। सपना ने 2024 में पहले पति को छोड़ दिया और अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ आकर योगेश से जून 2024 में सामान्य फेरे लेकर पत्नी के रूप में रहने लगी। 1 दिसंबर के आसपास सपना घर से योगेश द्वारा उधार लाए 40 हजार रुपए और अलग से अलमारी में रखे 30 हजार रुपए लेकर चली गई। इसके बाद उसने कॉल नही उठाया। योगेश ने सपना को गांव जाकर लाने का प्रयास किया तो उसने 2 लाख रुपए पहले पति को देने के लिए मांगे। कहा कि वह समय पर रुपए नही देगा तो वह सुसाइड कर उसका नाम लिख जाएगी। इसके बाद योगेश ने जान देने के पहले एक वीडियो बनाकर पत्नी की प्रताड़ना की कहानी बयां की और फिर जहर खाकर जान दे दी।

## आंखों के डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी

# ऑनलाइन डील के जरिए महंगे उपकरण देने का झांसा देकर रकम हड़प ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के पलासिया में एक आंखों के डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी हो गई। वॉट्सऐप पर संपर्क कर 'केयर ग्लोबल इंडिया' नाम की कंपनी ने उनसे ठगी की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पलासिया पुलिस के मुताबिक, डॉक्टर महेश अग्रवाल का 'श्री गणेश नेत्रालय' नाम से क्लिनिक है। उन्होंने बताया कि क्लिनिक के लिए उन्हें ऑप्थेलमोलॉजी उपकरणों की जरूरत थी, जिसके लिए उन्होंने परिचितों से संपर्क किया। इस दौरान राकेश कौल,




निवासी आदित्य सिटी, इंदिरापुरम, गाजियाबाद ने उनसे वॉट्सऐप पर संपर्क किया। राकेश ने खुद को 'केयर ग्लोबल इंडिया' नामक कंपनी का संचालक बताया। इसके बाद उपकरणों को लेकर बातचीत हुई, जिसमें डॉक्टर ने 5 लाख रुपए कोटक महिंद्रा बैंक के खाते में जमा किए। बाद में उन्होंने 40 लाख रुपए का लोन लिया और 19 लाख रुपए राकेश कौल की कंपनी को दिए। इसके बाद एक और बार 5 लाख रुपए का भुगतान किया गया। लेकिन एक साल बीतने के बाद भी राकेश कौल ने उपकरण नहीं दिए। इसके बाद डॉक्टर अग्रवाल ने राकेश से मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। फिर उन्होंने ईमेल और पत्र भेजे, यहां तक कि वकील के माध्यम से कानूनी नोटिस भी भेजा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिरकार, उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने जांच कर आरोपी पर केस दर्ज किया।

# डॉग शेल्टर होम संचालिका से रेप...

**इंदौर। तेजाजी नगर पुलिस ने एक डॉग शेल्टर होम चलाने वाली महिला की शिकायत पर रेप के मामले में केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि आरोपी यहां जॉब करने के बहाने पहुंचा। इसके बाद पीड़िता का रेप कर वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करते रहा। बाद में वह शेल्टर होम से रुपए लेकर भाग गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।**



तेजाजी नगर पुलिस ने 34 साल की महिला की शिकायत पर पवन कुमार गुप्ता निवासी बिहार पर केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक अक्टूबर 2024 में पवन ने कॉल किया। जॉब के लिए बात की। बातचीत में खुद को पशु प्रेमी होने की बात कही। शेल्टर होम में वॉलेंटियर की जरूरत होने पर 10 हजार रुपए महीने में उसे साथ रखा लिया। 21 नवंबर तक उसने ठीक से काम किया। 23 नवंबर को अकेला देखकर रात में उसने जबरदस्ती रेप किया। इस दौरान उसने कुछ वीडियो भी बनाए। इस बीच दोनों में कहासुनी हुई तो पवन ने कहा कि वह शादी कर लेगा। इसके चलते यह बात किसी को नही बताई। बाद में पवन ने कई बार सबंध बनाए। पवन ने अपने परिवार से बात की और वहीं शेल्टर होम में झूठी शादी रचा ली। प्रेग्नेट होने पर उसने अॉर्बशन की दवाई दे दी। पवन वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रूपए मांगता रहा। 25 दिसंबर को पवन घर से कुछ नकदी लेकर चले गया। इसके बाद उसका पता नही लगा। उसने कॉल किया तो मोबाइल भी बंद कर लिया।

# सांवेर में युवती पर हमले का आरोपी अमन शेख गिरफ्तार

## चावड़ा ने की पीड़िता से मुलाकात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले के सांवेर में एक छात्रा का गला रेत कर हत्या का प्रयास करने के आरोपी अमन शेख को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गुरुवार को वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। छात्रा हमले में गंभीर रूप से घायल हुई है। उसका इंदौर के अरविंदा अस्पताल में इलाज चल रहा है। भाजपा के नए जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा अस्पताल पहुंचे और घायल युवती से मुलाकात कर उसका हालचाल जाना। उन्होंने पीड़िता को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया और कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीएसपी उमाकांत चौधरी ने अमर उजाला से बातचीत में बताया कि अमन शेख को



गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। अमन शेख और लड़की दोनों एक ही कॉलेज में पढ़ते थे, दोनों के बीच मित्रता थी। लड़की ने जब कॉलेज बदला तो अमन उसे बार-बार मिलने के लिए दबाव बना रहा था लड़की द्वारा मना करने पर उसने लड़की पर चाकू से हमला कर दिया। युवती पर हमले की घटना इंदौर के पास सांवेर के वार्ड 12 में हुई थी। अमन शेख नामक युवक ने पायल पुत्री संजय पर चाकू से हमला किया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से युवती पर मिलने के लिए दबाव बना रहा था।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में पहली बार स्कूल भी होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर को इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में अच्छे अंक लाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। अगर शहर के स्कूलों में गीले-सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन नहीं मिले, तो अंकों में कटौती होगी। पहली बार, भारत सरकार ने स्कूलों की स्वच्छता को स्वच्छता सर्वेक्षण में शामिल किया है, जिससे नगर निगम के लिए नई चुनौती खड़ी हो गई है। फरवरी से शुरू होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में स्कूलों की सफाई के लिए 400 अंक निर्धारित किए गए हैं। अगर सर्वेक्षण के दौरान स्कूलों में सफाई व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिली, तो शहर की रैंकिंग प्रभावित होगी। इंदौर, जो लगातार सात बार स्वच्छता में शीर्ष स्थान पर रहा है, में कुल 1,200 स्कूल हैं, जिनमें 80 शासकीय और 1,120 गैर-शासकीय स्कूल शामिल हैं।

महाकुंभ भगदड़ में मरने वालों पर बागेश्वर बाबा का बेतुका बयान

# संगम पर कोई मरा नहीं है, मोक्ष मिला है...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने महाकुंभ भगदड़ में मरने वालों को लेकर बेतुका बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये महाप्रयाग है, मृत्यु सबकी आनी है। एक दिन मरना सबको है। लेकिन कोई गंगा के किनारे मरेगा तो उसे मोक्ष मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि यहां मरा नहीं है कोई, असमय चले गए तो दुख है। पर जाना तो सबको है। ये बात तय है कि कोई 20 साल बाद जाएगा तो कोई 30 साल बाद जाएगा। लेकिन जो लोग भगदड़ में मरे हैं उनको मोक्ष मिला है।**

बागेश्वर बाबा ने अपने दूसरे बयान में कहा



कि यह छिट-फुट घटनाएं करा करके हिंदुत्व की छवि को धूमिल करने की एक सुनियोजित और प्रायोजित साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह घटना दुखद, हृदय विदारक और अकल्पनीय है। भीड़भाड़ भगदड़ का एक कारण था, जिसमें 30 लोग मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए, लेकिन उन्होंने दावा किया कि हिंदुत्व की छवि को बिगाड़ने के उद्देश्य से एक बड़ी साजिश थी। भगदड़ के तुरंत बाद विपक्ष ने भीड़ के कुप्रबंधन और वीआईपी संस्कृति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की। बता दें कि बुधवार की तड़के महाकुंभ भगदड़ के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए नया नियम बनाया है। सरकार ने वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया है, वीआईपी पास रद्द कर दिए हैं, सुरक्षा तैनाती बढ़ा दी है और मेला शहर को जोड़ने वाले पंटून पुलों पर अनावश्यक प्रतिबंध हटा दिए हैं। प्रयागराज में बाहर से आने वाले चार पहिया वाहनों और बसों के प्रवेश पर 4 फरवरी तक रोक लगा दी गई है। घटना के बाद भगदड़ के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक पैनल का गठन किया गया।

## महाकुंभ में प्रदेश के पांच श्रद्धालुओं की मौत, सीएम ने सहायता राशि दो से बढ़ाकर चार लाख की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन 29 जनवरी की सुबह भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इसमें पांच श्रद्धालु मध्य प्रदेश के शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भगवान महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं उनके परिजनों को शक्ति और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री यादव ने दुर्घटना को अत्यधिक पीड़ादायी बताते हुए कहा कि सरकार शोकाकुल घड़ी में परिजनों की हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुए अत्यंत पीड़ादायक हादसे में मध्य प्रदेश के 5 श्रद्धालुओं की मृत्यु की पुष्टि हुई है। सभी पांच श्रद्धालुओं की असमय दुखद मृत्यु पर परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता राशि दो-दो लाख रुपये से बढ़ाकर चार-चार लाख रुपये करने के निर्देश दिए हैं। बता दें, भगदड़ में उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 लोगों की मौत की पुष्टि की है। इसमें से 25 की पहचान हो गई है। वहीं, 60 लोग घायल हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## उज्जैन कुंभ में वीआईपी एंट्री प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में भगदड़ जैसी दुर्घटना हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए और कई लोगों की मृत्यु हो गई। ऐसी कोई दुर्घटना या हादसा उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ कुंभ 2028 में न हो, इसके लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने एक सुझाव पत्र भेजा है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के अध्यक्ष महेश पुजारी ने बताया कि 2028 के कुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। सभी श्रद्धालुओं के साथ समान व्यवहार किया जाए। जब सिंहस्थ में क्षिप्रा के हर घाट को रामघाट के रूप में प्रचारित कर श्रद्धालुओं को वहीं स्नान करने की अपील की जाती है, तब तेरह अखाड़े वैभव प्रदर्शन करते हुए रामघाट पर जाकर स्नान करते हैं। उस दौरान श्रद्धालुओं को नदी क्षेत्र में जाने से रोक दिया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ता है और भगदड़ या हादसों की आशंका उत्पन्न होती है।

## महंगी कार खरीदने में इंदौर आगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** यदि आप ग्वालियर व्यापार मेला से दोपहिया, चार पहिया या तीन पहिया वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए है। यहां मेला से वाहन खरीदने पर रोड टैक्स में 50% छूट मिल रही है, साथ ही वाहन डीलर्स भी आकर्षक उपहार दे रहे हैं। सामान्यतः 7 से 8 लाख रुपए की कीमत वाले चार पहिया वाहन खरीदने पर ग्राहकों को 90 हजार से 1 लाख रुपए तक का मुनाफा मिल रहा है। इस शानदार फायदे का लाभ उठाने के लिए आपको एशिया के सबसे बड़े ट्रेड फेयर, ग्वालियर व्यापार मेला में आना होगा। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से यहां रोड टैक्स में 50% की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, ग्वालियर मेला से महंगी कारों की बिक्री में इंदौर सबसे आगे रहा है। इंदौर में 20 लाख से अधिक कीमत वाली 32 कारें बिकी हैं, जबकि ग्वालियर में 5 और भोपाल में 4 ही ऐसी कारें बिक पाई हैं।

## भिंड कलेक्टर पर रेत माफिया का हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी।** भिंड कलेक्टर पर गुरुवार देर रात रेत माफिया ने हमला कर दिया। कलेक्टर उमरी इलाके में रेत का अवैध खनन रोकने गए थे। बदमाशों ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़ाने के लिए पथराव कर दिया। कलेक्टर के सुरक्षाकर्मियों ने फायरिंग कर बदमाशों को खदेड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि, कलेक्टर श्रीवास्तव का कहना है कि मैं ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ने के बाद खनिज विभाग को सौंपकर वहां से निकल आया था। माफिया ने खनिज विभाग की टीम से ट्रैक्टर-ट्रॉली छीनने का प्रयास किया था। मामले में एफआईआर करवा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव गुरुवार रात ककारा रेत खदान का निरीक्षण करने के लिए प्राइवेट वाहन से निकले थे। उनके साथ राजस्व अमला और स्थानीय थाने का स्टाफ नहीं था। खदान इलाके में उन्होंने एक खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली देखी। उसे रोककर ड्राइवर से पूछताछ करने लगे। इसी बीच रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आई तो कलेक्टर ने उसे रोका। ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से भाग निकला। कलेक्टर ने पास ही खड़ी खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर को कहा कि वह रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को उमरी थाने पहुंचा दे। कलेक्टर अपनी गाड़ी से उसके पीछे चल पड़े।

गुंडे के साथ पुलिस के सामने दे दना दन

# शिवलिंग के साथ आपत्तिजनक वीडियो के बाद एक्शन, भीड़ ने जमकर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम में एक मुस्लिम युवक इमरान उर्फ सुक्खा को शिवलिंग पर पैर रखकर आपत्तिजनक वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस उसे मेडिकल जांच के लिए ले जा रही थी, तभी गुस्साई भीड़ ने उस पर हाथ साफ किए। यह घटना गुरुवार को हुई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सुक्खा पर पहले भी धार्मिक भावनाओं को आहत करने और सिर तन से जुदा जैसे नारे लगाने के आरोप लग चुके हैं। वह एक लिस्टेड गुंडा है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

इमरान पर शिवलिंग के साथ अपमानजनक कृत्य करते हुए एक वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर फैलाने का आरोप है। वीडियो में उसने भेष बदलकर केसरिया गमछा, खुली शर्ट और चश्मा पहना हुआ था। पुलिस





अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि वीडियो वायरल होने के दो घंटे के अंदर ही सुक्खा को गिरफ्तार कर लिया गया।

गुरुवार दोपहर को पुलिस सुक्खा को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल ले गई। वहां पहले से मौजूद गुस्साई भीड़ ने उस पर दबोच लिया। हालांकि पुलिस ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने सुक्खा को लात-घूंसों से पीटा। बाद में पुलिस ने उसे अस्पताल की चौकी में बंद कर दिया और भीड़ को हटाया। थाना प्रभारी स्वराज डाबी ने बताया कि सुक्खा पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का मामला दर्ज किया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिला मंत्री गौरव शर्मा ने बताया कि सुक्खा एक आदतन अपराधी है और पहले भी हिंदू धर्म के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दो साल पहले सुक्खा ने 'सिर तन से जुदा' के नारे लगवाए थे। इसके अलावा, उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी वीडियो जारी किए थे। उस पर पुलिस के खिलाफ भी वीडियो बनाने का आरोप है।

हिंदू संगठन से जुड़े महावीर बामनिया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर सुक्खा महाराज नाम की आईडी पर आपत्तिजनक वीडियो देखा। इससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। जांच करने पर पता चला कि वीडियो इमरान उर्फ सुक्खा ने ही पोस्ट किया था। एसपी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जांच की और पुष्टि की कि वीडियो सुक्खा ने ही अपलोड किया था। वीडियो के आधार पर केस दर्ज कर इसे गिरफ्तार किया है।

# बेटे का हाथ पीला करने के लिए गए थे लड़की देखने रास्ते में सरकारी गाड़ी ने मार दी टक्कर, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** धार जिले में पदस्थ एक एसडीओ की जीप ने गुरुवार रात बड़वानी जिले में बाइक सवारों को टक्कर मार दी। घटना के चलते दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल है। जीप में सवार चपरासी को एसडीओ ने बड़वानी में रहने वाले एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से कथित तौर पर फाइलों पर साइन कराने के लिए भेजा था।

बड़वानी के थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह ने बताया कि छोटी कसरावद रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने दुपहिया वाहन को टक्कर मार दी। जिसके चलते धार जिले के बाग थाना क्षेत्र के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में एक व्यक्ति धार जिले के सडदी निवासी 55 सोभाग सिंह जमरा ने दम तोड़ दिया। इलाज के



दौरान आज 30 वर्षीय राम सिंह सोलंकी की भी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि SDO नेम प्लेट लिखी कार और उनके सवारों के बारे में पता किया जा रहा है। यह गाड़ी शासन के द्वारा अधिग्रहित है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोभाग सिंह जमरा अपने पुत्र अरविंद के लिए लड़की देखने बड़वानी जिले के सेंधवा थाना क्षेत्र के जोगवाड़ा आए थे और फिर वापस लौट रहे थे। इस घटना में सौभाग सिंह की मृत्यु हो गई जबकि अरविंद घायल अवस्था में एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर कार में सवार सुरेश कुमार मालवीय को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उसने बताया कि वह धार जिले के धरमपुरी में पीडब्लूडी एनवीडीए ऑफिस में चपरासी के पद पर है। उसने बताया कि वाहन को मनावर के एसडीएम का ड्राइवर संतोष चला रहा था। उसने रास्ते में तीन और लोगों को बिठा लिया था। चपरासी मालवीय ने बताया कि दरअसल एसडीओ मनावर ए एस खरे ने धरमपुरी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पीएस अछालिया के पास उसे फाइलों पर साइन करने के लिये जीप से भेजा था। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अछालिया बड़वानी में निवास करते हैं। उसने बताया कि कार में उसके और वाहन चालक के अलावा तीन अन्य लोग थे, जो घटना के बाद भाग गए।

## संपादकीय

# बजट से मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद

इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है। यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फ़ैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोज़गार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मज़दूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से ख़ासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं। बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

# महाकपि का बलिदान



हिमालय के जंगल में ऐसे कई पेड़-पौधे हैं, जो अपने आप में अनोखे हैं। ऐसे पेड़-पौधे और कही नहीं पाए जाते। इन पर लगने वाले फल और फूल सबसे अलग होते हैं। इन पर लगने वाले फल इतने मीठे और खुशबूदार होते हैं कि कोई भी इन्हें खाए बिना रह नहीं सकता। ऐसा ही एक पेड़ नदी किनारे था, जिस पर सारे बंदर अपने राजा के साथ रहा करते थे। बंदरों के राजा का नाम महाकपि था। महाकपि बहुत ही समझदार और ज्ञानवान था।

महाकपि का आदेश था कि उस पेड़ पर कभी कोई फल न छोड़ा जाए। जैसे ही फल पकने को होता, वैसे ही वानर उसे खा लेते थे। महाकपि का मानना था कि अगर कोई पका फल टूटकर नदी के रास्ते किसी मनुष्य तक पहुंचा, तो ये उनके लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। सभी वानर महाकपि की इस बात से सहमत थे और उनकी आज्ञा का पालन करते थे, लेकिन एक दिन एक पका फल नदी में जा गिरा, जो पत्तियों के बीच छुपा हुआ था।

वह फल नदी में बहकर एक जगह पहुंच गया, जहां एक राजा अपनी रानियों के साथ घूम रहा था। फल की खुशबू इतनी अच्छी थी कि आनंदित होकर रानियों ने अपनी आंखें बंद कर ली। राजा भी इस खुशबू पर मोहित हो गया। राजा ने अपने आसपास निहारा, तो उसे नदी में बहता हुआ फल दिखाई दिया। राजा ने उसे उठाकर अपने सिपाहियों को दिया और कहा कि कोई इसे खाकर देखे कि यह फल कैसा है। एक सिपाही ने उस फल को खाया और कहा कि ये तो बहुत मीठा है।


इसके बाद राजा ने भी उस फल को खाया और आनंदित हो उठा। उसने अपने सिपाहियों को उस पेड़ को खोज निकालने का आदेश दिया, जहां से ये फल आया था। काफी मेहनत के बाद राजा के सिपाहियों ने पेड़ को खोज निकाला। उन्हें नदी किनारे वो सुंदर पेड़ नजर आ गया। उस पर बहुत सारे वानर बैठे हुए थे। सिपाहियों को ये बात पसंद नहीं आई और उन्होंने वानरों को एक-एक करके मारना शुरू कर दिया। वानरों को घायल देखकर महाकपि ने समझदारी से काम लिया। उसने एक बांस का डंडा पेड़ और पहाड़ी के बीच पुल की तरह लगा दिया। महाकपि ने सभी वानरों को उस पेड़ को छोड़कर पहाड़ी की दूसरी तरफ जाने का आदेश दिया।

वानरों ने महाकपि की आज्ञा का पालन किया और वो सभी बांस के सहारे पहाड़ी के दूसरी ओर पहुंच गए, लेकिन इस दौरान डरे-सहमे बंदरों ने महाकपि को बुरी तरह से कुचल दिया। सिपाहियों ने तुरंत राजा के पास जाकर सारी बात बताई। राजा, महाकपि की वीरता से बहुत प्रसन्न हुए और सिपाहियों को आदेश दिया कि महाकपि को तुरंत महल लेकर आएं और उसका इलाज करवाएं। सिपाहियों ने ऐसा ही किया, लेकिन जब महाकपि को महल लाया गया, तब तक वह मर चुका था।

### कहानी से सीख

वीरता और समझदारी हमें इतिहास के पन्नों में जगह देती है। साथ ही इस कहानी से यह भी सीख मिलती है कि हर मुश्किल घड़ी में समझदारी से काम लेना चाहिए।

## रंग भरो



New Delhi

# गाजियाबाद में गैस सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में लगी आग, कई धमाकों से दहला पूरा इलाका

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले के टीला मोड़ थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के दिल्ली-वजीराबाद रोड पर भोपुरा चौक पर एलपीजी गैस सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में भीषण आग लग गई। इससे एक के बाद एक कई जोरदार धमाके हुए। सिलेंडर फटने से दो मकानों और तीन गाड़ियों में भी आग लग गई। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची गाजियाबाद पुलिस और दमकल की टीम ने तुरंत आसपास के घरों को खाली कराया। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। इस भीषण अग्निकांड में अभी तक



किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग और धमाकों से आसपास भय और अफरा तफरी का माहौल रहा और ट्रैफिक भी बाधित रहा। ट्रक में आग कैसे लगी अभी यह पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के अनुसार, आज सुबह करीब 4:35 बजे साहिबाबाद फायर स्टेशन पर भोपुरा चौराहे के पास भारत गैस कंपनी के एलपीजी सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में आग लगने और धमाके होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद साहिबाबाद और अन्य जगहों से दमकल की 10 गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। धमाकों के चलते सिलेंडर इधर-उधर बिखर गए थे, जिससे 2 मकानों और 3-4 गाड़ियों में आग लग गई थी।

Haryana

**हरियाणा के फतेहाबाद में बड़ा हादसा...**

## घने कोहरे के बीच नहर में जा गिरी क्रूजर, 10 लोग लापता



**फतेहाबाद।** हरियाणा के फतेहाबाद में घने कोहरे के बीच क्रूजर गाड़ी नहर में जा गिरी। इस घटना में 10 लोग लापता हैं। देर रात तक रेस्क्यू के दौरान एक 10 वर्षीय बच्चे को बचा लिया गया। वहीं 55 वर्षीय व्यक्ति की डेड बॉडी मिली हे. अधिकारियों का कहना है कि हादसे का शिकार हुए लोग पंजाब में एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे, उसी दौरान ये हादसा हो गया. फिलहाल लापता लोगों की तलाश की जा रही है.

जानकारी के अनुसार, गांव महमड़ा के कुछ लोग पंजाब में एक कार्यक्रम में शामिल लेने गए थे. ये लोग देर रात करीब 10 बजे क्रूजर गाड़ी से वापस लौट रहे थे. जब उनकी गाड़ी रतिया के गांव खाई से होते हुए सरदारेवाला की तरफ आ रही थी, तभी भाखड़ा नहर के पुल पर घने कोहरे में गाड़ी अनियंत्रित हो गई और नहर में जा गिरी. गाड़ी नहर में गिरने से ठीक पहले ड्राइवर ने छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बच गई, लेकिन घटनास्थल पर ड्राइवर नहीं मिला. गाड़ी में सवार 12 अन्य लोग नहर में जा गिरे, जिनमें 10 साल का बच्चा भी था. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया गया. इस दौरान 10 साल के बच्चे को बाहर निकाल लिया गया. वहीं 55 वर्षीय बलबीर सिंह का शव मिला है.

पुलिस का कहना है कि गाड़ी का ड्राइवर जरनैल सिंह गाड़ी से कूद गया था.

New Delhi

## PhD कराने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का भंड़ाफोड़, दो गिरफ्तार

**दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे गैंग का भंडाफोड़ किया है, जो ऑनलाइन पीएचडी का कोर्स करने के नाम पर छात्रों के साथ ठगी किया करता था. पुलिस के मुताबिक गैंग का सरगना जावेद न्यूजीलैंड के ऑकलैंड से कंप्यूटर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है. न्यूजीलैंड से बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद जावेद जब वापस लौट के आया तो उसने पैसे कमाने के लिए एक आसान तरीका ढूंढा. ऐसे में अपनी पढ़ाई का इस्तेमाल करके उसने ऑनलाइन एक ऐसा जाल बिछाया, जिसे एक बार देख कर किसी को अंदेशा भी नहीं होता था कि यह ठगों का मायाजाल है. डीसीपी सेंट्रल हर्षवर्धन के मुताबिक साइबर थाने पुलिस को ऑनलाइन एक शिकायत मिली थी. जिसमें शिकायतकर्ता छात्र ने लिखा था कि वह पीएचडी करना चाहती थी. जिसके लिए उसने ऑनलाइन सर्च किया तो उसे एक वेबसाइट मिली 'www.literateus.com' मिली. पीड़िता के मुताबिक इस वेबसाइट के जरिए उसे जावेद नामक युवक का नंबर मिला. जिसने पीएचडी करने के नाम पर एक लाख 80 हजार रुपए ऑनलाइन पैसे ले लिए. लेकिन इतने पैसे लेने के बावजूद भी जावेद ने जब कोई जवाब नहीं दिया और बाद में कुछ और पैसों की मांग की तो पीड़िता को शक

Uttarpradesh

## भीड़ के चलते राम मंदिर निर्माण हुआ प्रभावित, 10 दिन में पहुंचे 70 लाख लोग, 18 घंटे खुल रहे हैं पट

**अयोध्या ।** रामनगरी में प्रयागराज महाकुंभ के श्रद्धालुओं के पलट प्रवाह का क्रम लगातार जारी है। राम मंदिर में रोजाना ढाई से तीन लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं। अधिक से अधिक श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर सकें इसलिए मंदिर रोजाना 18 घंटे खोला जा रहा है। सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक मंदिर खुला रहने के चलते राम मंदिर निर्माण का कार्य भी प्रभावित हुआ है। कई कार्य रोक दिए गए हैं।

मंदिर के द्वितीय तल समेत शिखर पर निर्माण कार्य संचालित है। साथ ही परिसर में सप्त मंडपम व शेषावतार मंदिर का भी निर्माण हो रहा है। लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ होने के चलते शिखर व दूसरे तल का काम प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा परकोटा व मंदिर के प्लिंथ पर भित्तिचित्र के निर्माण का कार्य की गति भी धीमी हो गई



है। परिसर में हरियाली विकसित करने का काम फिलहाल रोक दिया गया है। साथ ही दर्शन मार्ग से सटे तीर्थयात्री सुविधा केंद्र में चल रहे निर्माण कार्य को भी रोका गया है।

इसी मार्ग से श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। जबकि श्रद्धालुओं को परकोटा के बगल से होते हुए गेट नंबर तीन की ओर निकाला जा रहा है।

खेल

# भारत ने 2019 से टी20 प्रारूप में चला आ रहा विजयी अभियान जारी रखा, डेब्यू पर चमके हर्षित राणा

**पुणे। भारत ने इंग्लैंड को चौथे टी20 में 15 रन से हराकर सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली। इस तरह टीम इंडिया ने 2019 से चला आ रहा विजयी अभियान जारी रखा। यह टीम इंडिया की घर में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। अब इस सीरीज का आखिरी मुकाबला मुंबई में रविवार को खेला जाएगा, जिसमें जीत के साथ टीम इंडिया 4-1 से सीरीज खत्म करना चाहेगी।**

166 रन पर सिमटी इंग्लैंड की टीम

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस हारकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। टीम इंडिया ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 181 रन बनाए। जवाब में इंग्लिश टीम 19.4 ओवर में 166 रन पर सिमट गई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी




इंग्लैंड की टीम ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन इस लय को बरकरार नहीं रख सकी। फिल सॉल्ट और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 62 रनों की साझेदारी हुई, जो पिछले 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पहली 50+ ओपनिंग साझेदारी है। इसे रवि बिश्नोई ने पावरप्ले के आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर तोड़ा। उन्होंने बेन डकेट को अपना शिकार बनाया। वह 19 गेंदों में 39 रन बनाकर लौटे जबकि अक्षर पटेल ने फिल सॉल्ट को आउट किया। वह 23 रन बना पाए। इसके बाद मोर्चा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए हैरी ब्रूक उतरे। उन्होंने 26 गेंदों में 51 रन बनाए। उनके अलावा कोई बल्लेबाज विकेट पर ज्यादा देर तक नहीं टिक सका। इंग्लैंड के लिए जोस बटलर ने दो, लियाम लिविंगस्टोन ने नौ, जैकब बेथेल ने छह, ब्रायडन कार्स ने शून्य, जेमी ओवरटन ने 19, जोफ्रा आर्चर ने शून्य, साकिब महमूद ने एक और आदिल रशीद ने 10* रन बनाए। भारत के लिए हर्षित राणा और रवि बिश्नोई ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि वरुण चक्रवर्ती को दो विकेट मिले। वहीं, अर्शदीप सिंह को एक सफलता मिली।

### हर्षित राणा ने मचाया धमाल

कन्कशन सब्सटीट्यूट के तौर पर गेंदबाजी के लिए उतरे हर्षित राणा ने इस मैच में अपनी घातक गेंदबाजी से महफिल लूट ली। उन्होंने डेब्यू के साथ तीन विकेट लेकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह बतौर कन्कशन सब्सटीट्यूट के तौर पर डेब्यू करने वाले दुनिया के सातवें खिलाड़ी हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने वाले भारत के पहले गेंदबाज हैं। इस मैच में तेज गेंदबाज ने लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल और जेमी ओवरटन को शिकार बनाया।

सिनेमा

# नेहा धूपिया की बिगड़ी तबीयत, रोडीज के सेट पर हुईं बेहोश



एक्ट्रेस नेहा धूपिया से जुड़ी एक खबर से फैंस को परेशान कर दिया है. रियलिटी शो 'एमटीवी रोडीज XX' की गैंग लीडर नेहा धूपिया को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है. बताया जा रहा है कि अपनी बेबाकी के लिए मशहूर नेहा धूपिया अचानक शो के सेट पर बेहोश हो गई थीं. हालांकि उन्होंने होश में आने और बेहतर महसूस करने के बाद सभी को यकीन दिलाया कि वो एकदम ठीक हैं. साथ ही नेहा ने शो की शूटिंग को रुकने नहीं दिया और काम करती रहीं. नेहा धूपिया ने कहा कि ये 'छोटा-सा हेल्थ इश्यू' था. इसमें परेशान होने की जरूरत नहीं है. उन्होंने सेट पर छोटा-सा ब्रेक लिया और फिर वापस काम पर लग गईं. बताया जा रहा है कि रियलिटी शो 'रोडीज' की वजह से नेहा धूपिया का शेड्यूल बिजी चल रहा है. एक्ट्रेस रोडीज ऑडिशन के लिए अलग-अलग शहरों की यात्रा कर रही हैं. ऐसे में नेहा को अपने घर और बच्चों से दूर रहते हुए एक महीने से भी ज्यादा समय हो चुका है. नेहा धूपिया के बेहोश होने की घटना को नए प्रोमो में दिखाया गया था. इसके बाद से इंटरनेट पर भी इसकी चर्चा हो रही है. इसमें नेहा धूपिया को सेट पर चक्कर आए और फिर वो गिर गईं. हालांकि उन्होंने उठकर बताया कि वह फिट हैं, ठीक हैं.

Highlights

1. Officers who handled Ardh Kumbh brought to tackle Maha Kumbh crowd after stampede
2. Budget as useless a ritual as President address: Congress' Manish
3. Union Budget will be for every section of society: Rajnath Singh
4. Who were the 2 Indian-origin persons killed in US helicopter-plane crash?
5. Truck collision claims driver's life in Bidar

# Nirmala Sitharaman obliges Dulari Devi, wears her gifted Madhubani art saree on Budget Day

**NEW DEIHI, (Agency).** Ahead of scripting history as the first Finance Minister to present eight consecutive Union Budgets, Union Finance Minister Nirmala Sitharaman arrived at parliament in an elegant saree, celebrating India's cultural heritage. The saree, adorned with intricate Madhubani artwork, was a gift from Padma Shri awardee Dulari Devi, honouring the centuries-old art form and its artisans, news agency ANI reported.

Dulari Devi, who received the Padma Shri in 2021, had met Sitharaman during a credit outreach program at the Mithila Art Institute in Madhubani, Bihar. During their exchange, the two discussed the significance of Madhubani art, and in a heartfelt gesture, Devi presented the saree to Sitharaman, requesting her to wear it on Budget Day.



Honouring the artist's wish, Sitharaman chose the hand-painted saree for the historic occasion, making a strong statement about India's rich artistic traditions. Over the years, she has often used her attire to highlight India's diverse textile heritage, wearing sarees that reflect the cultural legacy of various regions.

Madhubani art, also known as Mithila painting, is a traditional folk art form originating from the Mithila region of Bihar, India. Characterised by intricate patterns, vibrant colours, and detailed motifs, this art form is typically created using natural dyes and pigments on handmade paper, cloth, and walls. Traditionally practiced by women, Madhubani paintings often depict mythological themes, nature, and scenes from everyday life, with motifs of peacocks, fish, lotus flowers, and geometric patterns symbolising prosperity and fertility.

# A look at generative AI's environmental impact in figures

**NEW DEIHI, (Agency).** The surge in generative artificial intelligence (AI) is being met with growing fears about the technology's ecological footprint, one of the top questions up for discussion at a global summit in Paris on February 10-11.

Here are some key figures on the state of play in early 2025:

Ten times Google's power

Every request made to OpenAI's chatbot, which is able to generate all kinds of responses to natural-language queries, consumes 2.9 watt-hours of electricity.



That is ten times more than the equivalent figure for a Google search, according to the International Energy Agency (IEA).


OpenAI claims that ChatGPT now has 300 million weekly users making a total of one billion requests every single day.

Beyond ChatGPT, which fronted generative AI's emergence into public consciousness in 2022, there are thousands of chatbots.

One survey by French pollsters Ifop found that 70 percent of 18- to 24-year-olds in the country said they used generative AI.

In America, a Morning Consult poll found that 65 percent of 13- to 17-year-olds used generative AI, with the number close to half for the general population.

Generative AI would not function without data centres hosting vast reserves of information and computing power.




Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक